# राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद्

मुख्य भवन ब्लॉक–5 एवं 06
डॉ. एस. राधाकृष्णन् शिक्षा संकुल परिसर, जे.एल.एन मार्ग, जयपुर
फोन –0141–2706069 rajssaquality@gmail.com


क्रमांक–रा.स्कूल.शि.प / जय / गुणवत्ता / रंगोत्सव / 2024–25 / F-00601/ 1053 दिनांक 20/5/24

## रंगोत्सव 2024–25 हेतु दिशा–निर्देश

रंगोत्सव कार्यक्रम प्रारम्भिक एवं माध्यमिक शिक्षा के शिक्षकों में कलात्मक प्रतिभा को पहचानने पोषित करने, प्रस्तुत करने तथा कला को बढ़ावा देने की पहल है। समग्र शिक्षा की वार्षिक कार्ययोजना 2024–25 में अनुमोदित गतिविधि रंगोत्सव का आयोजन नवाचारी गतिविधि के रूप में किया जाना है। **रंगोत्सव की परिकल्पना एक समन्वित मंच उपलब्ध कराने का प्रयास है, जहाँ शिक्षक/शिक्षिका एक साथ अपनी क्षमताओं का उत्सव मना सकें। यह शिक्षकों की प्रतिभा को पोषित करने एवं व्यक्त करने हेतु उचित अवसर एवं अनुकूल वातावरण प्रदान करेगा और सीखने एवं सिखाने की प्रक्रिया को और अधिक मूर्त, रचनात्मक एवं आनन्ददायी बनाएगा।**

### रंगोत्सव गतिविधि को आयोजित करने के लिये निम्न निर्देशों की पालना की जाए :–

- रंगोत्सव राज्य के समस्त राजकीय विद्यालयों में कार्यरत शिक्षक / शिक्षिका हेतु जिला एवं राज्य स्तर पर आयोजित किया जायेगा।
- रंगोत्सव 2024–25 का आयोजन ऑफलाइन मोड में किया जायेगा।
- एक शिक्षक / शिक्षिका एक ही गतिविधि (कला) में भाग ले सकेगा / सकेगी।
- रंगोत्सव के प्रत्येक स्तर पर 06 विधाओं को प्रतियोगिता में शामिल किया जायेगा।

**प्रत्येक कला क्षेत्र की प्रस्तुति / प्रतियोगिता एकल रहेगी, प्रतियोगिता में निम्नलिखित श्रेणियां सम्मलित की गई हैं–**

| क्र. | श्रेणी | प्रविष्टि | विवरण |
|---|---|---|---|
| 1 | संगीत (गायन) शास्त्रीय संगीत | 1 शिक्षक / शिक्षिका | हिन्दुस्तानी / राजस्थानी संगीत |
| 2 | संगीत (गायन) पारंपरिक लोक गीत | 1 शिक्षक / शिक्षिका | कोई भी शैली / उपभाषा |
| 3 | संगीत (वादन) शास्त्रीय संगीत | 1 शिक्षक / शिक्षिका | हिन्दुस्तानी / राजस्थानी संगीत |
| 4 | संगीत (वादन) पांरपरिक लोक वाद्य | 1 शिक्षक / शिक्षिका | कोई भी शैली / उपभाषा |
| 5 | शिक्षण अधिगम सामग्री निर्माण | 1 शिक्षक / शिक्षिका | 2डी / 3डी / पेंटिंग / मॉड्ल |
| 6 | शिक्षण प्रतियोगिता (अध्यापन प्रतियोगिता) | 1 शिक्षक / शिक्षिका | सम्बन्धित विषय की पाठ्य सामग्री का अध्यापन |

RajKaj Ref
7322375

- जिला स्तर पर रंगोत्सव का आयोजन दिनांक 1–15 अगस्त 2024 के मध्य (एक दिवसीय) किया जाना हैं।
- रंगोत्सव गतिविधि में राजकीय विद्यालयों के शिक्षक /शिक्षिकाओं को सम्मिलित किया जाए।
- जिला स्तर पर प्रत्येक क्षेत्र में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्तकर्ता प्रतिभागियों का विवरण दिनांक 25 अगस्त 2024 तक **परिशिष्ट–02** में राज्य स्तर पर भिजवाया जायेगा।
- राज्य स्तर पर रंगोत्सव कार्यक्रम का आयोजन दिनांक 05–10 सितम्बर 2024 के मध्य किया जायेगा। आयोजन स्थान की सूचना पृथक से प्रेषित कर दी जायेगी।
- राज्य स्तरीय कार्यक्रम में भाग लेने वाले प्रतिभागियों की सूचना **परिशिष्ट–01** में भिजवाई जाये। जिसके साथ वीडियो क्लिप की समय सीमा निम्नानुसार रहेगी–

| क्र.स | श्रेणी | वीडियों प्रविष्टि समय |
|---|---|---|
| 1 | संगीत (गायन) – शास्त्रीय संगीत | 4 से 6 मिनिट |
| 2 | संगीत (गायन्) – पारंपरिक लोक गीत | 4 से 6 मिनिट |
| 3 | संगीत (वादन) – शास्त्रीय संगीत | 4 से 6 मिनिट |
| 4 | संगीत (वादन) – पारंपरिक लोक वाद्य | 4 से 6 मिनिट |
| 5 | शिक्षण अधिगम सामग्री निर्माण | 4 से 6 मिनिट |
| 6 | शिक्षण प्रतियोगिता | 4 से 6 मिनिट |

**वित्तीय प्रावधानः–**

**जिला स्तर**

- जिला स्तर पर होने वाली प्रतियोगिताओं के आयोजन का व्यय वार्षिक कार्ययोजना सत्र 2024–25 में अनुमोदित रंगोत्सव गतिविधि से किया जायेगा। इस हेतु प्रत्येक जिले को 10,000/– रूपये कार्यक्रम आयोजन हेतु आवंटित किए गये है। इसके अतिरिक्त राशि की आवश्यकता होने पर स्थानीय स्तर पर भामाशाहों से सहयोग प्राप्त किया जा सकता है।
- जिला स्तर पर प्रत्येंक विधानुसार (शिक्षक/शिक्षिका) प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्तकर्ता को प्रमाण–पत्र एवं ट्रॉफी प्रदान की जायेगी।

**निर्णायक मण्डल**

1. जिला स्तर पर मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी एवं पदेन जिला परियोजना समन्वयक, समग्र शिक्षा की अध्यक्षता में निर्णायक मण्डल का गठन होगा – जिसमें जिला शिक्षा अधिकारी (माध्यमिक शिक्षा), प्रधानाचार्य डाइट एवं कला/गतिविधि से सम्बन्धित विशेषज्ञों को शामिल किया जाये।

RajKaj Ref
7322375

## राज्य स्तर पर निर्णायक मण्डल निम्नानुसार रहेगा :–

| | |
|---|---|
| राज्य परियोजना निदेशक/प्रतिनिधि – समग्र शिक्षा | अध्यक्ष |
| संयुक्त निदेशक, स्कूल शिक्षा, (आयोजक जिला से संबंधित संभाग) | सदस्य |
| प्रतिनिधि – निदेशालय माध्यमिक शिक्षा बीकानेर | सदस्य |
| प्रतिनिधि – आरएससीईआरटी, उदयपुर | सदस्य |
| राज्य स्तरीय कला विशेषज्ञ/विषय विशेषज्ञ | सदस्य (प्रत्येक श्रेणी के अनुसार) |

## प्रतियोगिता आयोजन हेतु विशेष निर्देश

1. **संगीत (गायन)**– एकल प्रस्तुति संगीत गायन की प्रतियोगिता निम्न दो श्रेणियों में आयोजित की जाएगी –
   1. संगीत गायन – शास्त्रीय संगीत
   2. संगीत गायन – पारंपरिक लोक संगीत

**सामान्य सूचनाएँ**

- प्रस्तुति की अवधि 4–6 मिनट की होगी।
- वेशभूषा, मंच सज्जा और मंच का साज सामान, प्रस्तुति से संबंधित होना चाहिए।
- संगीत वाद्यों पर संगतकार विद्यालय के शिक्षक/छात्र हो सकते है।
- व्यावसायिक संगीत जगत के गीतों का प्रयोग वर्जित है।

**मूल्यांकन प्रपत्र– संगीत (गायन) शास्त्रीय संगीत**

| शैली की प्रमाणिकता | सुर | ताल | बंदिश / गीत के शब्दों का उच्चारण | वेशभूषा की प्रामाणिकता | राग के अनुसार प्रदर्शन | संपूर्ण प्रस्तुतिकरण | कुल अंक |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 10 | 20 | 20 | 15 | 10 | 10 | 15 | 100 |

**मूल्यांकन प्रपत्र– संगीत (गायन) पारंपरिक लोक संगीत**

| शैली की प्रामाणिकता | सुर | ताल | उपभाषा का उच्चारण | वेशभूषा की प्रामाणिकता | मंच सज्जा सामग्री का उपयोग | संपूर्ण प्रस्तुतिकरण | कुल अंक |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 10 | 20 | 20 | 15 | 15 | 05 | 15 | 100 |

2. **संगीत (वादन)–एकल प्रस्तुति**वादन की प्रतियोगिता निम्न दो श्रेणियों में आयोजित की जाएगी –
   1. संगीत (वादन) – शास्त्रीय संगीत
   2. संगीत (वादन) – पारंपरिक लोक वाद्य

**सामान्य सूचनाएँ**

- प्रस्तुति की अवधि 4–6 मिनट की होगी।
- वेशभूषा, मंच सज्जा और मंच का साज सामान, प्रस्तुति से संबंधित होना चाहिए।
- संगत के लिए अन्य वाद्यों पर विद्यालय के शिक्षक/छात्र हो सकते है।
- पारंपरिक लोक संगीत हेतु केवल स्थानीय वाद्य–यंत्रों का प्रयोग कर सकते है।

RajKaj Ref
7322375

- इलेक्ट्रोनिक वाद्य यन्त्रों का प्रयोग वर्जित है।

**मूल्यांकन प्रपत्र– वादन – शास्त्रीय संगीत**

| शैली की प्रामाणिकता | नियमानुसार वादन | लय | वाद्य की सुर गुणवत्ता | सृजनशीलता | संपूर्ण प्रस्तुतिकरण | कुल अंक |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 10 | 20 | 20 | 15 | 15 | 20 | 100 |

**मूल्यांकन प्रपत्र– वादन–पारंपरिक लोक संगीत**

| शैली की प्रामाणिकता | वादन में कलात्मकता | लय | वाद्य की सुर गुणवत्ता | वेशभूषा की प्रामाणिकता | मंच सज्जा सामग्री का उपयोग | संपूर्ण प्रस्तुतिकरण | कुल अंक |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 10 | 20 | 20 | 15 | 10 | 10 | 15 | 100 |

**शिक्षण अधिगम सामग्री –**

- द्वि आयामी – पेंटिंग, इत्यादि।
- त्रि आयामी – मॉड्ल

**सामान्य सूचनाएँ**

- प्रस्तुति की अवधि 04–06 मिनिट रहेगी।
- प्रतिभागी स्वयं की रूचि अनुसार सामग्री या माध्यम का प्रयोग कर सकते है।
- निर्णायक मंडल के सदस्य प्रतिभागी द्वारा निर्मित शिक्षण अधिगम सामग्री की मौलिकता, सृजनात्मकता एवं विषय वस्तु का अवलोकन कर निर्णय करेंगे।
- प्रतिभागियों से अपेक्षा है कि निर्माण की जा रही टीएलएम सामग्री की कार्यात्मक सटीकता एवं मूल डिजाईन के साथ विषय वस्तु की प्रमाणिकता का विशेष ध्यान रखें।
- शिक्षण अधिगम सामग्री निम्न से सम्बन्धित हो सकती है –
  - कृषि औजार एवं उपकरण, पर्यावरण, ऊर्जा संरक्षण।
  - विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के संसाधन से सम्बन्धित उपकरण।
  - जलवायु परिवर्तन (क्लाईमेट चेंज )
  - जीवन कौशल शिक्षा
  - कैरियर मार्गदर्शन
  - स्वच्छता व्यवहार का प्रदर्शन।
  - राजस्थान के शिक्षा में बढ़ते कदम।
  - पंचतत्र की कहानियाँ, जातक कथाएँ, लोक कथाओं के चरित्र, जो प्रतिभागियों के नैतिक मूल्यों को बढ़ाने में सहायक हो सकें।
  - बुनियादी साक्षरता एवं संख्या ज्ञान की बेस्ट प्रेक्टिस
  - खिलौने बनाने में प्रयोग की जाने वाली सामग्री, मूल खिलौने में प्रयोग की गई सामग्री से मेल खाती हो।

RajKaj Ref
7322375

○ प्रतिभागी स्थानीय एवं पर्यावरण अनुकूल सामग्री का प्रयोग करें।

**मूल्यांकन प्रपत्र –शिक्षण अधिगम सामग्री**

| मौलिकता | प्रविधि | उपयोगिता | प्रस्तुतिकरण | कुल अंक |
|---|---|---|---|---|
| 25 | 25 | 20 | 30 | 100 |

**3. शिक्षण प्रतियोगिता (अध्यापन प्रतियोगिता)**

**सामान्य सूचनाएँ**

- ❖ प्रस्तुति की अवधि 4 से 6 मिनिट होगी।
- ❖ चयन की गई विषय वस्तु में नवाचारी विचारों का समावेश हो।
- ❖ वेशभूषा और मेकअप साधारण, प्रामाणिक, विषयगत और प्रस्तुति के अनुरूप ही होने चाहिए।
- ❖ प्रतिभागी स्वयं की रूचि अनुसार विषय वस्तु एवं माध्यम का प्रयोग कर सकते है।
- ❖ निर्णायक मंडल के सदस्य प्रतिभागी से प्रस्तुतीकरण के समय मौलिकता, विषय वस्तु पर अवलोकन कर निर्णय करेंगे।

**मूल्यांकन प्रपत्र**

| विषय वस्तु की प्रमाणिकता | विवेचना विवरण | सहायक सामग्री का उपयोग | रचनात्मकता | श्यामपद् कार्य | संपूर्ण प्रस्तुतिकरण | कुल अंक |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 10 | 20 | 10 | 20 | 10 | 30 | 100 |

**जिला स्तरीय आयोजन हेतु वित्तीय प्रावधान–**

| क.स. | विवरण | राशि (रूपयों में) |
|---|---|---|
| 1 | बैठक व्यवस्था, टेण्ट सामग्री आदि | 1500 |
| 2 | मंच सजावट, माइक, वाद्य यन्त्र व्यवस्था | 2000 |
| 3 | अल्पाहार | 2000 |
| 4 | मेडल/ट्रॉफी, प्रमाण–पत्र | 3400 |
| 5 | प्रचार – प्रसार, बैनर | 500 |
| 6 | कन्टिजेन्सी, फोटोग्राफी अभिलेख संधारण | 600 |
| | **कुल योग** | **10000** |

*अतिरिक्त राशि की आवश्यकता होने पर स्थानीय स्तर पर भामाशाहों का सहयोग लिया जावे। मदवार उपलब्ध कराई जा रही राशि में आवश्यकतानुसार स्वीकृति उपरान्त आंशिक परिवर्तन किया जा सकता है।*

**रंगोत्सव हेतु राशि की स्वीकृति निम्न शर्तों के अधीन प्रदान की जाती है –**

- जिस मद के लिए राशि उपलब्ध कराई जा रही हैं व्यय उसी मद में ही किया जाए।
- व्यय राशि का उपयोगिता प्रमाण पत्र निर्धारित प्रारूप में भिजवाया जाना सुनिश्चित करें।
- कार्यक्रम अन्तर्गत व्यय राशि को PRABANDH PORTAL (https://samagrashiksha.in) पर तत्काल बुक कराया जाना सुनिश्चित करेंगे।

RajKaj Ref
7322375

- राशि का उपयोग योजना के दिशा निर्देश, शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार की गाइड लाइन एवं लोक उपापन पारदर्शिता अधिनियम 2012 एवं नियम 2013 एवं वित्तीय नियमों की पूर्ण पालना करते हुए विहित प्रक्रियानुसार किया जाना सुनिश्चित करे।

**सामान्य निर्देश –**

- संगीत (गायन), संगीत (वाद्य वादन) एवं टीएलएम निर्माण, शिक्षण प्रतियोगिता की प्रस्तुति के लिए 4–6 मिनट का समय निर्धारित रहेगा।
- प्रत्येक स्तर पर भाग लेने वाले शिक्षकों को सहभागिता का प्रमाण–पत्र दिया जाए। विजेता प्रतिभागी को मेडल/ट्रॉफी एवं प्रमाण पत्र प्रदान किये जायेंगे।
- स्थानीय स्तर पर कार्यरत ऐसे गैर सरकारी संगठन से सहयोग लिया जा सकता है जो सामाजिक विकास में कला पक्ष पर कार्य कर रहे हैं।
- जिला स्तरीय प्रतियोगिता के आयोजन के लिए स्थानीय गैर सरकारी संगठन या कला संगठन जो विभिन्न कला के क्षेत्र में कार्य कर रहे हैं, का सहयोग लिया जा सकता है।
- राज्य स्तर की प्रतियोगिता आयोजन हेतु राजस्थान संगीत कला अकादमी जैसे संस्थाओं का सहयोग लिया जावे तथा कला के क्षेत्र में कार्यरत अन्य संगठनों का सहयोग लिया जाए।
- उक्त गतिविधि वार्षिक कार्ययोजना एवं बजट सत्र 2024–25 में निम्न मद में अनुमोदित की गई है–
  - ➢ **Quality Interventions**
    - ✓ **5.4 - Funds for Quality (LEP, Innovation, Guidance etc)**
    - ✓ **5.4.2 - Experiential Learning (Elementary)**
    - ✓ **1-Rangotsav**

यह सक्षम स्तर से अनुमोदित है।

**(पूनम प्रसाद सागर)**
**अति. राज्य परि. निदेशक-I**

क्रमांक–रा.स्कूल.शि.प/जय/गुणवत्ता/रंगोत्सव/2024–25/F-00601/ 1053 दिनांक 20/5/24

**प्रतिलिपिः– निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु –**

1. निजी सचिव, शासन सचिव, स्कूल शिक्षा एवं भाषा विभाग, राजस्थान सरकार।
2. निजी सचिव, राज्य परियोजना निदेशक एवं आयुक्त, राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद्, जयपुर।
3. निजी सचिव, निदेशक, माध्यमिक शिक्षा, राजस्थान बीकानेर।
4. निजी सचिव, निदेशक, प्रारम्भिक शिक्षा, राजस्थान बीकानेर।
5. निजी सचिव, निदेशक, संस्कृत शिक्षा विभाग, राजस्थान, शिक्षा संकुल, जयपुर।
6. निजी सचिव, निदेशक, राजस्थान संगीत नाटक अकादमी, जोधपुर।
7. निजी सहायक, अति. राज्य परियोजना निदेशक, प्रथम/द्वितीय, राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद्, जयपुर।
8. निजी सहायक, निदेशक, आरएससीईआरटी, उदयपुर।
9. जिला प्रभारी अधिकारी, राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद्, जयपुर।
10. संयुक्त निदेशक, स्कूल शिक्षा, समस्त संभाग।
11. मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी, समग्र शिक्षा, समस्त जिले।
12. डाइट, प्राचार्य समस्त जिले।
13. अति. जिला परियोजना समन्वयक, समग्र शिक्षा, समस्त जिले।
14. मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी, समस्त ब्लॉक।
15. प्रोग्रामर, रास्कूलशिप, जयपुर दिशा निर्देश को पोर्टल पर अपलोड किया जाना सुनिश्चित करें।
16. समस्त पीईईओ/यूसीईईओ।
17. कार्यालय प्रति।

**RajKaj Ref**
**7322375**

# रंगोत्सव 2024–25 में प्रविष्टियों हेतु प्रारूप

## जिलेवार समेकित सूचना

1. जिला ..........................................
2. प्रतिभागियों का विवरण ..........................................

नोट : जिले में आयोजित प्रत्येक कला श्रेणी के प्रथम स्थान प्राप्तकर्ता संभागियों का विवरण उक्त परिशिष्ट में राज्य स्तर पर प्रेषित किया जाये।

| क्र स | कला श्रेणी | शिक्षक का नाम एवं पद | Emp. ID | मो. नम्बर | लिंग (महिला /पुरूष) | राजकीय विद्यालय का नाम व पता, पिनकोड, विद्यालय की श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | संगीत (गायन) – शास्त्रीय संगीत | | | | | |
| 2. | संगीत (गायन) – पारंपरिक लोक गीत | | | | | |
| 3. | संगीत (वादन) – शास्त्रीय संगीत | | | | | |
| 4. | संगीत (वादन) – पारंपरिक लोक गीत | | | | | |
| 5. | शिक्षण अधिगम सामग्री निर्माण | | | | | |
| 6. | शिक्षण प्रतियोगिता (अध्यापन प्रतियोगिता) | | | | | |

3. संगतकर्ता का विवरण

| क्र.स | संगतकर्ता का नाम | पद | लिंग (महिला/पुरूष) | विद्यालय का नाम व पता, पिनकोड, विद्यालय की श्रेणी | कला श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | |

4. प्रस्तुत की गई कला श्रेणी के विषय में हिन्दी अथवा अंग्रेजी में संक्षिप्त विवरण प्रस्तुत किया जाये जो सौ शब्दों से अधिक का नहीं होना चाहिए।
5. कला श्रेणी के अनुसार प्रस्तुतियों की वीडियों फिल्म प्रस्तुत की जाये जो पांच मिनिट से अधिक की नहीं होनी चाहिए।

हस्ताक्षर
प्रमाणितकर्ता

RajKaj Ref
7322375

परिशिष्ट—2

# रंगोत्सव 2024—25 में प्रविष्टियों हेतु प्रारूप

## जिलेवार समेकित सूचना

1. जिला ..............................................

| क्र स | कला श्रेणी | श्रेणी | शिक्षक का नाम एवं पद | Emp. ID | मो. नम्बर | लिंग (महिला /पुरूष) | राजकीय विद्यालय का नाम व पता, पिनकोड, विद्यालय की श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | संगीत (गायन) – शास्त्रीय संगीत | I | | | | | |
| | | II | | | | | |
| | | III | | | | | |
| 2. | संगीत (गायन) – पारंपरिक लोक गीत | I | | | | | |
| | | II | | | | | |
| | | III | | | | | |
| 3. | संगीत (वादन) – शास्त्रीय संगीत | I | | | | | |
| | | II | | | | | |
| | | III | | | | | |
| 4. | संगीत (वादन) – पारंपरिक लोक गीत | I | | | | | |
| | | II | | | | | |
| | | III | | | | | |
| 5. | शिक्षण अधिगम सामग्री निर्णय | I | | | | | |
| | | II | | | | | |
| | | III | | | | | |
| 6. | शिक्षण प्रतियोगिता (अध्यापन प्रतियोगिता) | I | | | | | |
| | | II | | | | | |
| | | III | | | | | |

हस्ताक्षर
प्रमाणितकर्ता

RajKaj Ref
7322375

Document certified by POONAM PRASAD SAGAR <ds1industriesrajasthan@gmail.com>.

Digitally Signed by Poonam Prasad Sagar
Designation : Additional State Project Director
Date :20-05-2024 03:44:35